सुविचार

गुस्से में कभी गलत मत बोलो, मूड तो ठीक हो ही जाता है, पर बोली हुई बातें वापस नही आती !

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-31 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 8 सितम्बर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## वह पट्टे की भूमि, कृषि की भूमि किसी भी वर्ग की हो,कब बेची जा सकती है कब नहीं जानिए महत्वपूर्ण जानकारी/legal advice....

आज की धारा मध्यप्रदेश की आम जनता को जानना अति-आवश्यक हैं क्योंकि बहुत से व्यक्ति जानकारी के अभाव में भूमियों का क्रय-विक्रय करते रहते हैं एवं इसके बाद वह ऐसे चक्र में उलझकर रह जाते हैं जिसका तोड़ वकीलों के अलावा किसी के पास नहीं होता है। इसलिए



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

भूमि की खरीदी से पहले इस जानकारी को आवश्यक रूप से पढ़ ले।

**मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता,1959 की धारा 165 की उपधारा 07 की परिभाषा?**

- कोई भी व्यक्ति जैसी भूमि को नहीं खरीदेगा जिसकी कुर्की के आदेश न्यायालय द्वारा निष्पादित हो गए हैं।
- आदिवासी की ऐसी भूमि जो विवाद के रूप में है या उसकी कुर्की होने वाली है।
- ऐसी भूमि जिसकी देख रेख के लिए न्यायालय द्वारा रिसीवर नियुक्त किया गया हो।
- ऐसी भूमि जो मध्यप्रदेश भूदान यज्ञ अधिनियम,1968 के अंतर्गत मिली हो कलेक्टर की अनुमति के बिना नामांतरण नहीं होगी।
- ऐसी कोई भूमि जो पट्टे पर सरकार द्वारा किसी व्यक्ति को निवास, कृषि आदि के लिए दी गई हो उसे बिना कलेक्टर की आज्ञा से नामांतरण नहीं किया जा सकता है।
- ऐसी कोई भूमि जो सरकारी बैंकों में उधार के लिए गिरवी रखी गई है उस भूमि का नामांतरण नहीं किया जा सकता है। लेकिन वसूली उपरांत उसका विक्रय किया जा सकता है। उपर्युक्त नियमो के उल्लंघन पर किया गया नामांतरण शून्य या अवैध हो सकता है।

## क्या है आवश्यक वस्तु अधिनियम,1955 जानिए/Essential Commodities Act...

आवश्यक वस्तु अधिनियम,1955 यह कानून केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 1955 में बनाया गया था इसका प्रमुख उद्देश्य यह था की आम जनता को



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

आवश्यक वस्तु सरकार के नियंत्रण के द्वारा उपलब्ध हो जिससे की आम जनता को महगाई का बोझ न उठाना पड़े और नियंत्रण कीमत में आम नागरिकों को आवश्यक वस्तु उपलब्ध होती रहे।

**सरकार द्वारा वह वस्तु जो आवश्यक वस्तु के अंतर्गत आती है-**

उक्त अधिनियम की धारा 03 के अनुसार सरकार निम्न आवश्यक वस्तुओं की विक्री की कीमतों पर कंट्रोल कर सकती है एवं इनकी विक्री के लिए लाइसेंस दे सकती है जैसे पेट्रोलियम प्रोडक्ट के अंतर्गत डीजल,पेट्रोल, कच्चा तेल आदि, खाद्य पदार्थ के अंतर्गत दाल सभी, खाने का तेल, शक्कर, आटा, आदि एवं अन्य क्षेत्रों में कॉटन, रेशम, सूती वस्त्र, कपड़े आदि हैं।

**नोट-** कोरोना के समय में मास्क, सेनिटाइजर को भी आवश्यक वस्तु की श्रेणी में रखा गया था। अगर कोई व्यक्ति आवश्यक वस्तु जो जनता के उपयोग के लिए वर्तमान मे अतिआवश्यक है उसकी कालाबाजारी करता है या जमाखोरी करता है, या सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये में बेचता तो इसकी शिकायत उपभोक्ता फोरम, केन्द्र या राज्य सरकार के संबंधित कार्यालय में की जा सकती है। इसके लिए अधिनियम की धारा 07 दोषी व्यक्ति को अधिकतम सात वर्षों की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित भी किया जा सकता है या अधिनियम की धारा 06 के अनुसार लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री निवास में देर रात तक गूंजे श्रीकृष्ण भक्ति और आराधना के स्वर

# हमारी सनातन संस्कृति दुनिया को दिखाएगी राह: मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था कि धर्म की रक्षा और दुष्टों के संहार के लिए मैं बार-बार जन्म लेता रहूँगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। हमारी सनातन संस्कृति हजारों साल पुरानी है। सनातन संस्कृति दुनिया को राह दिखाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास पर आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को संबोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री श्री चौहान और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान ने समारोह में पधारे श्रीकृष्ण भक्तों का आत्मीय स्वागत किया और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई दी। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव, सांसद श्री वी.डी. शर्मा, श्री हितानंद शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर भगवान श्रीकृष्ण की विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी वसुधेव कुटुम्बकम के मूल मंत्र पर कार्य कर रहे हैं। मेरी भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना है कि सब सुखी हों, सबका मंगल हो, सब निरोगी हों। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था कि कर्म करो, फल की इच्छा मत करो। मुख्यमंत्री निवास परिसर में वृंदावन के कलाकारों ने बृजवंदना, भक्ति गीत, भजन और नृत्य मधुर संगीत के साथ प्रस्तुत किए। इस अवसर पर गायक और नर्तक कलाकार दल ने भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति में अनेक भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी भजन गाये। उपस्थित भक्त जन देर रात तक भजन सुनते रहे। भगवान श्रीकृष्ण के लिए गाया गया लोकप्रिय भजन बड़ी देर भई नंदलाला... नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की... और अन्य भजन मुख्यमंत्री निवास में गूंजते रहे।



## परसवाड़ा क्षेत्र में नागरिकों को मिलेगी सभी बुनियादी सुविधाएँ

**भोपाल।** आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री रामकिशोर नानो कावरे ने कहा है कि बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के नागरिकों को सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के विस्तार के लिये विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य मंत्री श्री कावरे बुधवार को बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के ग्राम कोडपाटोला में विकास कार्य के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री ने कहा कि ग्राम में बनाया जाने वाला सभा मंच भव्य और आकर्षक होगा।

## बुरहानपुर के किसान खेती-बाड़ी में कर रहे हैं ड्रोन टेक्नालॉजी का उपयोग

**भोपाल।** बुरहानपुर जिले में किसान अपने खेतों में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने में ड्रोन टेक्नालॉजी का उपयोग कर रहे हैं। इस टेक्नालॉजी के उपयोग से किसानों को समय की बचत के साथ अन्य परेशानियों से भी



छुटकारा मिला है। बुरहानपुर के किसान कडु मेहरा उन किसानों में शामिल हैं, जिन्होंने ड्रोन टेक्नालॉजी का उपयोग किया है। कडु मेहरा बताते हैं कि उनके पास ढाई एकड़ का खेत है। उन्होंने गन्ना फसल पर कीटनाशक दवाई का ड्रोन के माध्यम से सफलता से छिड़काव किया है। ड्रोन तकनीक से कीटनाशक छिड़काव से श्रमिक, श्रम और समय की बचत होती है। उन्होंने जिले के अन्य किसानों से भी अपील की है कि वे अपने-अपने खेतों में कीटनाशक दवाई का छिड़काव ड्रोन के माध्यम से करें। उप संचालक किसान-कल्याण एवं कृषि विकास श्री एम.एस. देवके ने बताया कि बुरहानपुर जिले में किसानों को ड्रोन से कीटनाशक दवाई छिड़काव करने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। उद्देश्य यह है कि किसान आधुनिक तकनीक से रूबरू हो सकें। एक एकड़ फसल में ड्रोन से छिड़काव करने में मात्र 10 मिनट का समय लगता है।

# भोपाल में बनेगा सर्वसुविधायुक्त स्टेट मीडिया सेंटर :मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लोकतंत्र के आधार स्तंभ के रूप में मीडिया प्रतिनिधियों का परिश्रम प्रशंसनीय है। पत्रकार साथी दिन-रात कार्य करते हैं। अनेक कठिनाइयों के बीच वे तथ्यों और समाचारों को जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। यही नहीं सरकार और अन्य सभी के लिए सेतु के रूप में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मीडिया के लिए मेरे मन में बहुत आदर का स्थान है। आज इस पत्रकार समागम में अनेक साथियों से भेंट हो रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मुख्यमंत्री निवास में पत्रकार समागम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पत्रकार वर्ग के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इनमें उपचार सहायता, बीमा योजना, आवास सुविधा, शिक्षा के लिए सुविधा आदि शामिल है। इसके साथ ही जनसंपर्क विभाग छोटे शहरों और कस्बों के पत्रकारों को डिजिटल तकनीक प्रशिक्षण दिलवाने का कार्य भी करेगा। आज हुए पत्रकार समागम में पहली बार राजधानी में प्रदेश के अनेक जिलों के पत्रकार एकत्र हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भोपाल के मालवीय नगर में पत्रकार भवन की भूमि वर्तमान में अनुपयोगी है। सभी की इच्छा है कि यहां नया भवन बने। इसे नया स्वरूप दिया जाएगा। नया भवन निर्मित किया जाएगा। नवनिर्मित भवन के साथ ही इसे स्टेट मीडिया सेंटर का दर्जा रहेगा। इसमें सभागार, पुस्तकालय, कैंटीन, सामान्य कक्ष सहित अन्य सुविधाएं होंगी।



## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जन-प्रतिनिधियों के साथ किया पौध-रोपण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, गुलमोहर और गूलर के पौधे लगाए। श्री चौहान के साथ पौध-रोपण में टीकमगढ़ के जनप्रतिनिधि श्री विवेक चतुर्वेदी व श्री गोपाल सिंह राय तथा भिण्ड के सर्वश्री इकबाल अली, रामानंद शर्मा, शैलेष सक्सेना, श्याम कुमार जाटव और राजगढ़ के श्री जगदीश पवार एवं श्री कमल शर्मा भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ जनसम्पर्क संचालनालय के श्री भगवान सिंह तथा मुख्यमंत्री प्रेस प्रकोष्ठ की श्रीमती गीता सिंह ने अपने पुत्र अभिनव सिंह के जन्म दिवस पर पौधे रोपे।

# मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों से स्वास्थ्य मंत्री ने किया संवाद





**संवाददाता हल्के वीर**

**रायसेन।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र कार्यक्रम में नवनियुक्त जन सेवा मित्र एवं पूर्व जन सेवा मित्रों को कार्य अवधि प्रपत्र देकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ चौधरी ने जन सेवा मित्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहां की मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की गरीबी उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों का है, और वह इस कार्य को भली भांति अंजाम दे रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी जी ने कहा की जनसेवा मित्रों को सरकार द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप गई है। और जनसेवा मित्र इसको जिम्मेदारी पूर्वक पूरी कर रहे हैं। पूर्व से नियुक्त जन सेवा मित्रों के माध्यम से मुख्यमंत्री लाडली बहन, विकास यात्रा सहित अन्य योजनाओं की जानकारी वह नागरिकों तक पहुंचाने के साथ-साथ आवेदन भरवाने और लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लगभग छह महीने पहले जिन मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र के रूप में हुआ था उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। पहले एक विकासखंड में पंद्रह मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र हुआ करते थे, और अब तीस जन सेवा मित्र हैं। नवीन जन सेवा मित्र नियुक्त करने के साथ ही पूर्व के जन सेवा मित्रों की कार्य अवधि को बढ़ाया गया है। साथ ही उनके वेतन में भी इजाफा किया गया है। मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र लगातार एलॉट ग्राम पंचायत में भ्रमण करते रहें, लोगों से शिष्टाचार से बात करें और उनके समस्त योजनाओं में आने वाली दिक्कतों का निराकरण का हर संभव प्रयास भी करें। योजनाओं को क्रियान्वित कर धरातल पर उतरते हैं जन सेवा मित्रद्व अपर कलेक्टर श्री दुबे। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे ने कहा कि शासन का काम योजनाओं को बनाना और लागू करना होता है। प्रशासन का कम इन योजनाओं को क्रियान्वित करना धरातल पर उतरना है। योजनाओं की सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी है उनकी जानकारी सभी नागरिकों को हो जिससे वह स्वयं भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं। मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। सीएम फेलो आदर्श कुमार दुबे ने जन सेवा मित्रों के बारे में विस्तार पूर्वक मंच पर अपनी बात रखी। सांची ब्लॉक से जनसेवा मित्र मिथुन यादव द्वारा जन सेवा मित्रों के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए।

# किरार समाज नवयुवक मंडल समिति द्वारा मनाया गया भगवान बलराम जन्मोत्सव निकाली रैली




**संवाददाता हल्के वीर**

देवरी/ उदयपुरा। सितंबर को भगवान बलराम जी का जन्मोत्सव पर मनाया गया। उदयपुरा नगर परिषद में यह पर्व बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया, नगर के मुख्य मार्गो से बाजे गाजे के साथ भगवान बलराम जन्मोत्सव की रैली निकाली गई जिसमें सैकड़ो लोग शामिल हुए। रैली के तुरंत पक्ष भोजन की व्यवस्था की गई जिसमें सभी गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। किरार धाकड़ समाज नवयुवक मंडल समिति के अध्यक्ष मुकेश पटेल जी एवं संरक्षक भगवान सिंह बड़कुर जी मैं इस पूरे कार्यक्रम का कार्यभार अपने साथियों के साथ संभाल। इसके साथ ही नवयुवक मंडल के सदस्य, प्रदीप बड़कुर, अभिषेक धाकड़, उमेश धाकड़, राघवेंद्र वर्मा, राजेश धाकड़, संजय बड़कुर, हर्ष पंडा, आशुतोष धाकड़, प्रसून धाकड़, प्रदीप गंगोलिया आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल जी प्रभात चौधरी जी, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल जी, पूर्व विधायक भैया राम पटेल जी, दर्शन सिंह चौधरी जी, श्रीमती वंदना पटेल जी, श्री संजय मसानी जी, श्री ठाकुर सिंह जी पटेल, श्री शंकर सिंह जी पटेल, नीतिराज पटेल जी, डॉ देवेन्द्र गंगोलिया जी, अखलेश चौहान जी जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

# छात्रावास में छात्रों ने बहुत ही धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



**संवाददाता हल्के वीर**

देवरी/ उदयपुरा। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर पूरे भारत में इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में। शिक्षक दिवस किसी विशेष शिक्षक के लिए नहीं है यह वह दिवस है जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी विद्यार्थी की या किसी भी मानव की मदद की है। यह कहीं ना कहीं मानवता का भाव दिखाई देने वाला शब्द। एक शिक्षक ने क्या खूब कहा है शिक्षक स्वयं इस रास्ते पर ठहरा हुआ रहता है, पर अपने पढ़ाई छात्रों को उसी रास्ते से वह आगे बढ़ता हुआ जाता है। स्कूल कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम शिक्षक दिवस के रूप में आयोजित किए गए जिसमें शिक्षा देने वाले शिक्षक को सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर उदयपुरा सीनियर छात्रावास के छात्रों ने अपनी छात्रावास के अधीक्षक श्री बैजनाथ इमने जी का प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी केक काटकर एवं गिफ्ट प्रदान कर कर सभी छात्रों ने शिक्षा के महत्व को बढ़ावा दिया। शासकीय सीनियर छात्रावास में छात्रों का सबसे महत्वपूर्ण हथियार शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन भी है। इस छात्रावास के सभी छात्र अधीक्षक महोदय को पिता तुल्य मानते हैं। इस छात्रावास से बहुत ही होनहार छात्र निकले हैं जो विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

# 1 लाख 81 हजार की मदिरा जप्त 13 प्रकरण पंजीबद्ध अवैध मदिरा कारोबार के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी



**भोपाल। देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत बुधवार को कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह के निर्देशन में सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा कारोबार के विरुद्ध कार्यवाही में आबकारी कन्ट्रोलर के नेतृत्व में जिला आबकारी बल भोपाल द्वारा अवैध मदिरा के उत्पादन, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करते हुए अलग-अलग टीमों के द्वारा गॉधीनगर, परवलिया, हरिपुरा, अर्जुन नगर, अयोध्या नगर बायपास रोड़ एवं आनंद नगर में दबिश देकर हाथभट्टी शराब एवं महुआ लाहन तथा देशी,विदेशी मदिरा जप्त की जाकर म.प्र. आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कुल 13 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। मौके पर लाहन जमीन में गड़ा होने से निकालने पर पॉलीथिन एवं कुप्पे नष्ट हुए जिनका मौके पर सेम्पल लिया गया। इन्दू पत्नी बन्टू 5 लीटर हाथभट्टी 200 किग्रा. महुआ लाहन, अनोखी बाई पत्नी आकाश 24 पाउच हाथभट्टी मदिरा प्रत्येक में 200 एम.एल. 160 किग्रा. महुआ लाहन,मीना पत्नी महेन्द्र पारधी 15 लीटर हाथभट्टी 120 किग्रा. महुआ लाहन,लाहन, रूपवती पत्नी नवल पारदी अनीता पत्नी धरम पारधी 19 लीटर हाथभट्टी 160 किग्रा, महुआ लाहन, कम्मो पत्नी राहुल पारधी एक हाथ भट्टी चालू हालत में 3 लीटर हाथभट्टी,140 किग्रा. महुआ लाहन,बीना बाई पत्नी मनोज पाल पारधी 80 किग्रा. महुआ लाहन,प्रिन्स बाबू कुर्मी आत्म ओम नारायण ढाबा स्वामी देशी मदिरा प्लेन 3 पेटी 150 पाव + 27 पाव लूज 7 देशी मसाला मसाला - 18 पाव लूज़ बीयर - 21 केन



500द्व्य बीयर - 18 बोतल 650द्व्य कुल 53.7 बल्क लीटर,दीनदयाल आत्मज पटेल, परवलिया जयराम सड़क, सरकारी स्कूल के पास, भोपाल 14 पाव प्लेन देशी मदिरा,सत्यनारायण शर्मा आत्मज स्व. बाबूलाल परवलिया सड़क, राम मंदिर के पास, गुमटी 48 पाव देशी प्लेन मदिरा,सरजू बाई पत्नी रघुनाथ, हरिपुरा 4 लीटर हाथभट्टी मदिरा,शुभम यादव आत्मज चरणसिंह, आनंद नगर, 22 पाव देशी मदिरा प्लेन, ज्ञात - 2 प्रकरण 90 लीटर हाथभट्टी 450 किग्रा. महुआ लाहन,उक्त समस्त कार्यवाही में 141 लीटर हाथभट्टी, 1310 किग्रा महुआ लाहन एवं 279 पाव देशी मदिरा प्लेन तथा 37 बोतल बीयर जप्त की गई, जिसका अनुमानि मूल्य रूपये एक लाख 81 हजार है। प्रिन्स श्याम ढाबा, परवलिया सड़क, भोपाल को गैर-जमानतीय अपराध होने के कारण जेल में दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में जिले के सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षक, आरक्षक एवं होमगार्ड जवान

# थाना क्राइम ब्रांच ने 25 हज़ार की 57.6 लीटर अवैध देसी शराब जब्त की,आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार, तलाश जारी

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**



थाना क्राइम ब्रांच को मुखबिर प्राप्त सूचना के आधार आरोपी जो कैची छोला निवासी है पास स्थित श्रीराम कालोनी रेल्वे पटरी के पास कैची छोला पर शराब बेच रहा है। मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने पर पहले से रवाना टीम मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचे। वहां श्रीराम नगर कालोनी रेल्वे पटरी के पास बिजली के खम्बे के नीचे एक लड़का दिखाई दिया जिसके आसपास काफी भीड लगी थी। लडके के सामने दो पेटी एवं उसके पीछे 5 और पेटी रखी थी। मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के अनुसार जिस लडके के सामने शराब की पेटी रखी है एवं एक हाथ में पैसे एक हाथ में मोबाइल लिये खड़ा है वही आरोपी है और वही शराब बेच रहा है। बाद में स्टाफ की मदद से आरोपी की घेराबंदी की गई किन्तु आरोपी वहाँ से अंधेरे का फायदा उठाकर सकरी गलियों से भाग गया। जिसकी तलाश में उसके पीछे पुलिस टीम के कुछ लोग गए। उनके थोडी देर बात वापस आने पर बताया कि आरोपी पटरियाँ पार कर भाग गया बाद मौके पर मिली 7 देशी शराब की पेटियों को चेक किया गया जिसमें से 4 सीलबंद पेटी देशी मंदिरा मसाला लाल की 2 शीलबंद पेटी देशी प्लेन शराब की प्रत्येक सीलबंद पेटी में 50-50 सीलबंद क्वाटर है एवं एक खुली हुई पेटी जिसमें कुल 21 सफेद देशी के क्वाटर सीलबंद अवस्था में मिले प्रत्येक क्वाटर में 180 एमएल शराब है जिसमें विध्याचल डिस्टलरीज प्राइवेट लि. लिखा है 4 सीलबंद पेटी जिसमें देशी मदिरा मसाला के क्वाटर है। सभी 7 पेटियों में कुल 57.6 लीटर देशी शराब है जिसकी कुल कीमत करीबन 25000 रूपये होगी। फरार आरोपी की तलाश उसके निवास स्थान एवं सभावित स्थानों पर की गई। आरोपी के खिलाफ अवैध रूप से शराब विक्रय करते पाये जाने से आरोपी का धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाया गया तथा पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी हैं।

# श्रीमती सुनैना सिंह सैयाम का हुआ भव्य स्वागत

**शहडोल जिले से गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट।**



शहडोल जिले के जैतपुर विधानसभा क्षेत्र 85 के स्वसहायता समूह अमर ज्योति संकुल के CRP दीदियों ने श्रीमती सुनैना सिंह सैयाम को आमंत्रित कर भठिया कार्ययालय में साल श्री फल से स्वागत किया। शिवराजसिंह चौहान जी शहडोल जिले के कार्यक्रम में आए थे तभी जमुई हेलीपैड पर माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान जी को राखी बांधकर श्रीमती सुनैना सिंह ने मुख्यमंत्री को स्वसहायता समूह के CRP दीदियों के मानदेय को लेकर एक ज्ञापन सौंपा और माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन कर कहा कि CRP दीदियों की मेहनत और लगन से काम करने का जो जज्बा है उसे और आगे बढ़ने के लिए उन्हें मानदेय देने की जरूरत है इस बात को गम्भीरत से सुनते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द इस मुद्दे पर चर्चा कर कार्य करने के बात करता हूं इसी खुशी को ध्यान में रखते हुए CRP दीदियों ने श्रीमती सुनैना सिंह सैयाम को स्वसहायता समूह कार्यालय आमंत्रित कर साल श्री फल से स्वागत सभी महिलाओं ने स्वागत किया।

# मध्य प्रदेश वालीबाल संघ के सचिव हरि सिंह चौहान का हुआ स्वागत

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता की खबर**



**अनूपपुर।** गत दिवस कलिंग उत्कल एक्सप्रेस अनूपपुर रेलवे स्टेशन के अल्प प्रवास के समय मध्य प्रदेश वालीबाल संघ के सचिव हरि सिंह चौहान का जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा एवं संघ के समस्त पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर जिला वालीबाल संघ के सचिव रामचंद्र यादव और जिला वालीबाल संघ के सह सचिव नेशनल ट्रेनर स्टेट रेफरी दिनेश कुमार सिंह चंदेल के द्वारा फूल माला से भव्य स्वागत किया गया। चौहान जी वालीबाल भारतीय संघ की बैठक उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर में सम्मिलित होकर वापस लौट रहे थे थे बीच यात्रा में अनूपपुर स्टेशन में जिला पदाधिकारी द्वारा किए गए स्वागत के समय चौहान जी ने कहा की हमें अनूपपुर जिले से मध्य प्रदेश वालीबाल संघ को बहुत आशा है जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है आपका संगठन लगातार अच्छा कार्य कर रहा है। मै जिला वालीबाल संघ अनूपपुर को विश्वास दिलाता है कि किसी भी प्रकार की सहायता वॉलीबॉल खेल के विकास हेतु आपको जो भी सुविधा और सहयोग चाहिए वह हमेशा आपको उपलब्ध कराई जाएगी अनूपपुर की प्रतिभाएं इस समय प्रदेश में निरंतर आगे आ रहे हैं इसके लिए जिला अध्यक्ष और संपूर्ण जिले का संगठन और खिलाड़ी बधाई का पात्र है।

# कमलेश द्विवेदी बने भगवा पार्टी के अनूपपुर जिला अध्यक्ष

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता की खबर**


**अनूपपुर।** नव गठित भगवा पार्टी (भारतीय गण वार्ता पार्टी) मप्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले राजनैतिक जमावड़ा शुरू कर दिया है। जिसके तहत जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जा रही है। इसी कडी में पार्टी के संगठन कार्यकर्ताओं



द्वारा मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में पूजा-अर्चना करने के बाद अनूपपुर जिले से संगठन की शुरुआत करते हुए भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी के जिला अध्यक्ष के पद पर कमलेश द्विवेदी को नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर कमलेश द्विवेदी ने पार्टी के शीर्ष नेताओं राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला, अरुण अग्रवाल ,सतेंद्र जैन, विनोद पांडेय का आभार जताया। द्विवेदी ने कहा कि उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह ईमानदारी व निष्ठा से निभाएंगे और पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करते हुए पार्टी की रणनीति और नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे. बहुत जल्द पार्टी का युवा संगठन मजबूती के साथ खड़ा होगा और प्रदेश की जनता की समस्याओं को उठाने का काम करेगा। इस अवसर पर मुरारी लाल पांडे, सुजीत मिश्रा, कैलाश शर्मा, गंभीर सिंह सेंगर, प्रवीण शर्मा, संतोष कुमार ,श्रीमती निराशा सिंह, श्रीमती पार्वती नागेंद्र कुमार सिंह ऋषि राज सिंह श्रीमती नीलम तिवारी, धर्मेंद्र कांत तिवारी ,वीरेंद्र कुमार, जगतधारी सिंह, संतोष बैगा, श्रीमती सुभद्रा, चंद्रप्रकाश महरा, अनिल राठौर, विजय राठौर ,सूरज राठौर, रामप्रसाद राठौर रवि केवट श्रीमती रेखा द्विवेदी,कुँवर सिंह परिहार, के.के.सिंह परिहार, निरंजन यादव, रामजी राठौर, संदीप गर्ग,शहीद खान, प्रकाश कुशवाहा सहित बडी संख्या में ,समर्थकों ने पुष्पगुच्छ देकर कमलेश द्विवेदी का स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी व संगठन का आभार भी व्यक्त किया।

# मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा अनूपपुर में सिलसिला एवं तलाशे जौहर के तहत पंडित चंद्रमौली शर्मा की स्मृति में स्मृति प्रसंग एवं रचना पाठ का आयोजन आज

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता की खबर**




मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में ज़िला अदब गोशा, अनूपपुर के द्वारा सिलसिला एवं तलाशे जौहर के तहत महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित चंद्रमौली शर्मा की स्मृति में स्मृति प्रसंग एवं रचना पाठ का आयोजन 7 सितंबर 2023 को दोपहर 3:00 बजे से संकल्प पैरा मेडिकल कालेज, अनूपपुर में ज़िला समन्वयक दीपक अग्रवाल के सहयोग से किया जाएगा। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी के अनुसार उर्दू अकादमी द्वारा सिलसिला के तहत प्रदेश के सभी ज़िलों में काव्य, साहित्यिक एवं सांगीतिक गोष्ठियां आयोजित की जा रही है। इस वर्ष ज़िलावार सिलसिला एवं तलाशे जौहर कार्यक्रम उन ज़िलों के दिवंगत रचनाकारों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित किये गए हैं। अकादमी द्वारा प्रदेश के समस्त ज़िलों में अपने समन्वयकों के माध्यम से ऐसी हस्तियों के नाम ढूंढ कर उनकी स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी का उन्नीसवां कार्यक्रम अनूपपुर में 7 सितम्बर को आयोजित हो रहा है जिसमें अनूपपुर ज़िले के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों, तहसीलों एवं बस्तियों के ऐसे स्थापित शायर एवं साहित्यकार अपनी प्रस्तुति देंगे जिन्हें अकादमी के मंचों पर प्रस्तुति का कम अवसर मिला है। अनूपपुर ज़िले के समन्वयक दीपक अग्रवाल ने बताया कि सिलसिला एवं तलाशे जौहर के तहत स्मृति प्रसंग एवं रचना पाठ का आयोजन दोपहर 3 बजे होगा जिसकी शुरुआत में स्मृति प्रसंग के तहत अनूपपुर के वरिष्ठ पत्रकार जबलपुर के महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित चंद्रमौली शर्मा ÷वैद्य जी÷ के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। रचना पाठ में जो शायर एवं साहित्यकार अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे उनमें विशिष्ट आमंत्रित शायरों /साहित्यकारों के रूप में शहडोल के मशहूर शायर क़ासिम इलाहाबादी एवं कटनी के प्रसिद्ध शायर चंद्र किशोर श्रीवास्तव शामिल होंगे और स्थानीय शायरों /साहित्यकारों में अजीत मिश्रा, गिरीश पटेल, पवन छिब्बर, सुधा शर्मा अनूपपुर, फैय्याज़ हसन जैतहरी, मो. यासीन खान, कैलाश पाटकर, एस.के. बोहरे, कोतमा, विजेन्द्र सोनी, रामनारायण पांडे, मीना सिंह, ललित दुबे (अनूपपुर) अविनाश अग्रवाल, अमरेन्द्र सिंह कोतमा, मधुकर चतुर्वेदी (अनूपपुर) आदि शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने अनूपपुर के सभी कला एवं साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# कुमारी वान्या के द्वारा शिक्षकों के सम्मान में किया गया पौधारोपण

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता की खबर**



**अनूपपुर।** आज शिक्षक दिवस के अवसर में वान्या ग्रुप आफ कंपनी के मालिक सुश्री वान्या द्विवेदी द्वारा शिक्षकों के सम्मान में पौधारोपण का कार्य किया जिसमें कुमारी वान्या द्वारा कहा गया कि शिक्षक का हमारे जीवन में अमूल्य योगदान है. शिक्षकों के बिना यह मानव जीवन सार्थक नहीं है. हर किसी के जीवन में एक गुरु या शिक्षक का होना बेहद आवश्यक है. इसलिए हम सभी को सदा शिक्षकों का मान-सम्मान करना चाहिए और उनकी बातों पर अमल करना चाहिए हमारे शिक्षकों द्वारा प्रकृति के महत्व को जिस तरह बताया है उसे उत्प्रेरित होकर मैं आज इस राष्ट्रीय पर्व शिक्षक दिवस के अवसर पर पंच परमेश्वर पौधारोपण जिसमें बरगद, पीपल, नीम, शमी, और अवाँला के साथ फलदार वृक्ष आम और बेल और औषधि युक्त पौधा जिसमें सोनपाठा, मलेरिया की बीमारी में जो उपयोग होता है और कुरलू अपरस की दवा में जिसका गोंद उपयोग होता है उनका पौधारोपण मड़फा तालाब अनूपपुर के भीट में शंकर मंदिर के पीछे अपने पिता कमलेश द्विवेदी और दादी तथा छोटे भाई के साथ विद्वान पंडितों के मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना करके पौधों को रोपित करते हुए शिक्षकों के सम्मान में भेंट किया। और इस शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रकृति के साथ-साथ शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता भी वयक्त की ।

# सेना की भर्ती रैलियों का आयोजन हुआ संपन्न उम्मीदवारों ने दिखाया उत्साह, अच्छे काम के लिए सहायक कर्मचारी हुए सम्मानित



**देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल। देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के द्वारा 20 अगस्त से 6 सितंबर 23 तक मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल में वार्षिक सेना की भर्ती रैलियों को आयोजित किया गया। जिला प्रशासन, पुलिस और स्थानीय सेना के पूरे दिल से समर्थन के कारण सेना की चार भर्ती रैलियों को बहुत ही पेशेवर और सुचारू रूप से संपन्न किया। ऑनलाइन लिखित परीक्षा के बाद शारीरिक और चिकित्सा भर्ती का दूसरा चरण है, उम्मीदवारों ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई। लगातार 18 दिनों की रैली के बाद कर्नल सव्यसाची बाकुंडी, निर्देशक सेना भर्ती कार्यालय भोपाल ने सैन्य, पुलिस बल और जिला प्रशासन के सहायक कर्मचारियों के साथ एक छोटी अनोपचारिक बैठक का आयोजन किया और उन्हें उनके समर्पण, समन्वित और अच्छे काम के लिए सम्मानित किया। अंतिम योग्यता निकलने के बाद बहुत जल्द ये चयनित उम्मीदवार अग्निवीर के रूप में भारतीय रोना में शामिल होंगे और अपनी ईमानदारी, समर्पण और पेशेवर कौशल से भारतीय सेना और देश को गौरवान्वित करेंगे।

# छात्रावासों एवं आश्रम शालाओं में कार्यरत अंशकालीन सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर सागर को सौपा




**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सागर। म.प्र. शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के अंतर्गत छात्रावासों में विगत 25 से 30 वर्षों से सफाई का कार्य कर रहे कर्मचारी जिनका मासिक वेतन 2500/- रूपया है। जो वर्ष में 10 माह दिया जाता है एवं मई-जून का वेतन नहीं दिया जाता है। इतने कम वेतन में एवं मंहगाई के दौर में इन कर्मचारियों के परिवार का भरण पोषण नहीं हो पाता जिसके कारण पूरे परिवार को भूखे मरने की समस्या से जूझना पड़ता है कई बार संगठन द्वारा इन कर्मचारियों की समस्या के संबंध में मांग की गई परन्तु शासन द्वारा इन अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। देश को आजाद हुए लगभग 75 वर्ष होने के बाद भी इन कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति दयनीय है। माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी आपके द्वारा सफाई स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परन्तु देश को स्वच्छ रखने वाले सफाई कर्मचारियों पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। जिससे इन कर्मचारियों के प्रति संगठन को असंतोष एवं रोष व्याप्त है। ज्ञापन में मांग की गई कि आदिम जाति कल्याण विभाग व शिक्षा विभाग के छात्रावासों में अंशकालीन सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालीन कलेक्टर दर का वेतन दिया जावे एवं दस वर्ष पूर्ण कर चुके सफाई कर्मियों को अन्य पद जैसे रसोईया, वाटरमेन, चौकीदार के पद पर नियमित किया जावे एवं साप्ताहिक अवकाश दिया जावे। 12 माह का वेतन दिया जावे एवं सामूहिक जीवन बीमा का लाभ दिया जाए। ज्ञापन सौपने वालों में गजेन्द्र बोहत जिलाध्यक्ष अजाक्स, चन्द्रभान रोहित तहसील अध्यक्ष सागर, प्रदीप अहिरवार, राजू पामाखेडी, विजय कछवाहा देवरी, मनीष पथरोल जरूआखेडा, सचिन करोसिया, राजेश वम्होरीवीका, बब्लू पथरोल, अक्षय बाल्मीकि, करण घारू, भूपेन्द्र घारू, श्रीमति किरण लाहौरिया, मुन्नीबाई चंदालिया, अनिष बाल्मीकि, श्रीमति रश्मि घारू, श्रीमति नीलम घारू, राहुल पथरोल, भगोनी अहिरवार, मुकेश बोहत, नरेश हारिया, देवेन्द्र अहिरवार, राजकुमार दक्कनी, धमेन्द्र घारू, श्रीमति जयंती बाल्मीकि, श्रीमति पार्वती शाहगढ, श्रीमति मीनाबाई शहगढ, श्रीमति छायाबाई शाहगढ, विशल घारू एवं अनेक अजाक्स के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**गजेन्द्र बोहत**
**जिलाध्यक्ष अजाक्स**



# बाबा गणीनाथ गोविंद जी का वार्षिक उत्सव डोला में

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**



**अनूपपुर/डोला।** रामनगर पंचायत में यह मंदिर 2005 को निर्माण हुआ व मूर्ति की भी स्थापना स्वर्गीय श्री शंभू साव जी व श्रीमती कलावती देवी जी के द्वारा हुआ थी और लगातार इनके परिवार के सक्रिय सदस्यों द्वारा देख - रेख कर प्रति वर्ष बाबा गणीनाथ गोविंद जी का वार्षिक उत्सव मनाया जाता रहा हैं आपको बता दे कि हर साल बाबा गणीनाथ गोविंद जी के हजारों की संख्या में उपासक पहुचते है और सभी मिल कर बाबा गणीनाथ गोविंद जी की आराधना पूजा करतें है डोला नगर परिषद के काफी परिवारों का ये भी मनना है कि बाबा के दरबार मे सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें भी पूरी होती हैं बाबा गणीनाथ गोविंद जी का वार्षिक उत्सव व पूजा दिनांक 9/9/2023 दिन शनिवार को आयोजित किया जा रहा है जिसमे कार्यक्रम का समय (पूजा) प्रातः 08 बजे से (हवन) 01 बजे और 02 बजे से (भंडारा) प्रारम्भ होगा।

**निवेदक** - बाबा गणीनाथ गोविंद समिति रामनगर डोला

# अमृत काल में देश का चहुँमुखी विकास - गृह मंत्री श्री अमित शाह

## किसानों को हर संकट से सरकार पार लेकर जायेगी - मुख्यमंत्री श्री चौहान



**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की घोषणा पवित्र रामेश्वर त्रिवेणी संगम का तीर्थ स्थल के रूप में होगा विकास केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्योपुर की जनसभा को ग्वालियर विमानतल से किया वर्चुअली संबोधित केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में विकास का नया युग प्रारंभ हुआ है। देश अमृतकाल में निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। केन्द्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से मध्यप्रदेश बीमारू राज्य से विकसित राज्य की श्रेणी में पहुँच गया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह श्योपुर जिला मुख्यालय पर आयोजित विशाल जनसभा को ग्वालियर विमानतल से वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी जनसभा को वर्चुअली संबोधित किया। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार के अपरान्ह में ग्वालियर में हुई तेज बारिश की वजह से हैलीकॉप्टर द्वारा श्योपुर नहीं पहुँच सके। उन्होंने ग्वालियर विमानतल परिसर से वर्चुअल श्योपुर की जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव, खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री वी डी शर्मा एवं ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी मौजूद थे। श्योपुर में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, प्रदेश के राज्य मंत्री श्री सुरेश धाकड़, सांसद श्री के पी यादव एवं श्री संध्या राय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि पहले मध्यप्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी में गिना जाता था। वर्ष 2003 के बाद प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े आयाम स्थापित हुए हैं। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में जनकल्याण के अद्भुत कार्य किए जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों को खेती के लिये पर्याप्त बिजली व पानी उपलब्ध कराने के साथ-साथ गरीबों को अनाज और इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा केन्द्र व राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण का काम कर रही है, जिससे प्रदेश व देश दिन दूनी और रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने श्योपुर की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि विपरीत मौसम की वजह से आज हम आप सबके बीच प्रत्यक्ष रूप से नहीं पहुँच सके हैं। लेकिन जल्द ही हम श्योपुर आयेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में कम वर्षा होने से किसान भाई चिंतित हैं। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूँ कि किसान भाई किसी भी प्रकार की चिंता न करें। मध्यप्रदेश की सरकार किसानों के साथ पूरी ताकत से खड़ी है। यदि कम वर्षा की वजह से फसलें खराब हुई होंगीं तो सरकार इस संकट से भी किसानों को पार लेकर जायेगी।

# मध्यप्रदेश बन रहा विकास का पॉवर स्टेशन : गडकरी

## खंडवा जिला है देश का बिजली हब : मुख्यमंत्री

भोपाल।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि मध्यप्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन तैयार करने वाला देश का पहला राज्य होगा। प्रदेश ने ऊर्जा क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। मध्यप्रदेश निरंतर उन्नति एवं विकास की ओर बढ़ रहा है। परिवहन नेटवर्क ने प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। नितिन गडकरी ने कहा कि 18 हजार करोड़ रूपए की लागत से इंदौर से हैदराबाद हाईवे का निर्माण जारी है। खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, इच्छापुर, जलगांव से नांदेड़ होते हुए हैदराबाद जाने वाले मार्ग पर इंदौर से खंडवा के बीच 34 किलोमीटर में दो टनल और तीन वाइडेक्ट का निर्माण किया जाएगा। इस मार्ग से इंदौर से ओंकारेश्वर एक घंट में और इंदौर से बुरहानपुर दो घंटे में पहुंचा जा सकेगा। खंडवा बायपास के लिए देशगांव से सुधी तक का काम अक्टूबर में आरंभ हो जाएगा और सुधी से तुलार फाटा की फिजिलिबिटी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दे दिए गए हैं, रिपोर्ट के आने पर आगे के कार्य के लिए गंभीरता से विचार किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी खंडवा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के वन मंत्री कुंवर विजय शाह, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, ऊषा ठाकुर, सांसद वी.डी. शर्मा, ज्ञानेश्वर पाटिल, शंकर लालवानी, पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनीस तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### गरीब और मजदूर का कल्याण हमारी प्राथमिकता

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि देश में गांव, गरीब और मजदूर का कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले सात साल में सात बार कृषि के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर आया है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुई है। सिंचाई क्षेत्र बढ़ाने और उत्पादन बढ़ाने से गांव सम्पन्न और समृद्ध हुए हैं।

### अब किसान ऊर्जादाता भी बनेगा

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि किसान अन्नदाता है और उसे अपनी फसल का वाजिब दाम मिलना जरूरी है। अब किसान अन्नदाता के साथ ही ऊर्जादाता भी बनेगा। देश में ब्रोकन राईस, मक्का, ज्वार, गन्ने के रास और मोलासेस से ईथेनॉल बनाने की प्रक्रिया आरंभ हुई है। स्पाईस जेट और विस्तारा के विमानों में फ्युल के रूप में इथेनॉल का उपयोग हो रहा है।

### फिल्म अभी बाकी है....

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि जैसे स्मार्ट सिटी विकसित हो रहे हैं, इसी प्रकार स्मार्ट विलेजेस भी विकसित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 44 लाख आवास प्रदेश वासियों को उपलब्ध कराए हैं। मध्यप्रदेश विकास का पॉवर स्टेशन बन रहा है। अभी तक जो विकास हुआ, वह तो ट्रेलर था, फिल्म अभी बाकी है। मध्यप्रदेश को प्रगतिशील, समृद्ध, सम्पन्न राज्य बनाने के लिए प्रदेश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान, शोषित, पीड़ित, दलित, आदिवासी, वनवासी के कल्याण के लिए गतिविधियां जारी रहेंगी और आने वाले समय में हमें नया मध्यप्रदेश देखने को मिलेगा।

### किसानों के साथ है सरकार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने असंभव को संभव करके दिखाया है। उनकी पहल और मार्गदर्शन से प्रदेश सहित सम्पूर्ण देश को विश्व स्तरीय सड़कें उपलब्ध हुई हैं। पिछली सरकार ने सडक, पानी, बिजली की तरफ ध्यान नहीं दिया। हमारी सरकार ने योजना बनाकर प्रदेश के 80 प्रतिशत खेतों को सिंचाई सुविधा से जोड़ा है। नहर ही नहीं पाइप से भी सिंचाई व्यवस्था की जा रही है। जावर माइक्रो उद्वहन योजना, छैगांव-माखन, खालवा माइक्रो उद्वहन की क्षेत्र की सिंचाई सुविधा में वृद्धि की महत्वपूर्ण भूमिका है। शीघ्र ही 1385 करोड़ 73 लाख की झिरन्या योजना का शिलान्यास और 3 हजार 715 करोड़ की मोरंड-गंजाल परियोजना का भूमिपूजन शीघ्र किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ईश्वर से भरपूर वर्षा के लिए हम सब प्रार्थना कर रहे हैं। लेकिन यदि वर्षा के अभाव के कारण संकट की स्थिति निर्मित होती है तो किसान भाई चितिंत न हो, हमारी सरकार कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी किसानों के साथ है। बुरहानपुर में केले पर आए संकट में दो लाख रूपए प्रति हेक्टेयर की दर से किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराई गई थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों को कोई समस्या नहीं आने देगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खंडवा जिला देश का बिजली हब है। जिसमें पानी, कोयले और सूर्य से बिजली बनाई जा रही है।

किसानों को कर्जमाफी, युवाओं को रोजगार के लिए सहायता व मार्गदर्शन, विद्यार्थियों को अनेक सुविधाएं देकर उनकी प्रगति का निरंतर मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। उन्हें मुख्यमंत्री जन आवास योजना के अंतर्गत आवास सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। गरीब की जिन्दगी बदलना हमारी सरकार का उद्देश्य है। डबल इंजन की सरकार के साथ मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति करें और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनें, यही कामना है।



# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने दिलाया मतदान का संकल्प

### मतदाता जागरुकता के लिए भोपाल में भव्य रैली आयोजित

भोपाल।

भोपाल में शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प की पूर्ति के लिए बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्निवाल और वॉकथॉन रैली का आयोजन किया गया। प्लेटिनम प्लाजा से शुरू हुए इस रैली को मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद पांडे और अरुण गोयल तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में हजारों की संख्या में कॉलेज और स्कूलों के छात्र-छात्राओं, एन.सी.सी., एन.एस.एस., नेहरू युवा केन्द्र के वॉलेटियर्स, रेपिड एक्शन फोर्स, मध्यप्रदेश सशस्त्र बल और जिला पुलिस बल के जवानों, बाइकर्स, साइकिल रैली, प्राइड वीमन वोटर की सदस्य सहित बड़ी संख्या में आमजन इस रैली में शामिल हुए। रैली में सबसे आगे प्राइंट वीमन वोटर्स का दल रवाना किया गया। इसके बाद रेपिड एक्शन फोर्स, एसएएस, जिला पुलिस बल, एनसीसी, एनएसएस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिला-पुरूष हाथों में मतदाता जागरूकता नारों की तख्तियाँ लेकर चले। पुलिस बैंड उनका लगातार उत्साह वर्धन करता रहा। रैली की शुरूआत गणेश वंदना और हनुवंतिया बैंड के ढोलों की प्रस्तुति से की गई। युवाओं ने भारत माता की जय और वोट करेगा भोपाल के नारों से पूरे वातावरण में जोश और जूनून के साथ भाग लिया।

रैली अटल पथ से डिपो चौराहा काटजू चौराहा रंग महल चौराहा से स्मार्ट सिटी पार्किंग होते हुए टीटी नगर स्टेडियम में रैली का गरिमा पूर्ण समापन हुआ। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडे एवं अरुण गोयल और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन द्वारा कार्निवाल में डेमोक्रेसी वॉल पर हस्ताक्षर भी किए गए।

## मतदाता जागरुकता अभियान के तहत दिलाई शपथ

**जबेरा।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत जबेरा एवं विजयसागर में स्वसहायता समूह की महिलाओं और ग्राम वासियों को जबरा सरपंच शिवलाल धुर्वे की उपस्थिति में आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक आशुतोष तिवारी एवं सहायक ब्लॉक प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा लोकतंत्र में मतदान की प्रक्रिया समझाते हुए मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया और मतदान करने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई।



## मड़ियादो में निर्मित डिवॉट्स गुणवत्ताहीन



**हटा।** हटा बिकासखण्ड की दर्जनों ग्राम पंचायतों में खखरी निर्माण, ग्रवियनन, अमृत सरोवर स्टॉप डेम आदि कार्यो में गड़बड़ियों की जांच आरम्भ भी नहीं हो पाई थी। संबंधित ग्राम पंचायतों के जिम्मेदार पदाधिकारी अपने दस्तावेज जांच के लिए तैयार ही नहीं कर पाये थे कि मड़ियादो ग्राम पंचायत मुख्यालय में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 17 लाख की लागत से द्रवीय अपशिष्ट प्रबंधन के लिए डिवॉट्स निर्माण स्वीकृत हुए थे जो देखने मे ही प्राक्लन के अनुरूप नहीं है। सीमेंट कंक्रीट के इन ढांचों में अभी भी पानी नहीं रूक रहा फि गंदे पानी को छानकर साफ पानी कैसे होगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन आधे अधूरे ढांचों के भुगतान की भी तैयारी होने लगी है।

मौके पर 3.4 लाख रुपये खर्च करके पानी की हौद टाइप बनाकर शासन को चुना लगाने की तैयारी है। कलेक्टर दमोह एवं जिला पंचायत सीईओ से मांग की गई है कि द्रवीय अपशिष्ट प्रबंधन के इन जरूरी कार्यो की जांच कराई जाए।

## मुख्यमंत्री ने जन-प्रतिनिधियों के साथ लगाए पौधे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में बरगद, कदम्ब और जामुन के पौधें रोपें। प्रदेश महामंत्री भाजपा भगवानदास सबनानी ने अपने जन्म दिवस पर धर्मपत्नि श्रीमती सीमा सबनानी, पुत्री दीपांशी व परिवारजन के साथ पौध-रोपण में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ पूर्व उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल भागीरथ कुमरावत और राजेश विश्वकर्मा ने अपने जन्म दिवस पर पौधे रोपे।

## विद्यार्थियों पर ज्ञान की छांव बनाये रखता है पेड़ रूपी शिक्षक : डॉ. अंजना तिवारी



### मप्र विद्युत महिला मंडल ने टीचर्स डे पर शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

**दमोह** । मप्र विद्युत महिला मंडल द्वारा संचालित बालक मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल रामपुर में टीचर्स डे पर शिक्षिकाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मप्र विद्युत महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. अंजना तिवारी ने शाला प्राचार्या शशिकिरण श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. श्रीमति अंजना तिवारी ने कहा शिक्षक के बिना हम शिक्षा को प्राप्त नहीं कर सकते। हम अपने जीवन में कितने ही बड़े और कामयाब इंसान क्यूं न बन जाएंए लेकिन हमें अपने शिक्षक को कभी नहीं भूलना चाहिए। शिक्षक एक पेड़ की तरह होता है जो अपने सभी विद्यार्थियों पर ज्ञान की छांव हमेशा बनाए रखता है।पदाधिकारी रश्मि श्रीवास्तव, सुजाता सिंह, प्रतिभा पाणी, नीता दीक्षित, कविता निगम, प्रतिभा पटेल आदि उपस्थित रहीं। छात्र-छात्राओं ने भी शिक्षिकाओं का सम्मान करते हुए अपने विचार व्यक्त किये।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत बोरीकला में रैली निकाली



दमोह

केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के निर्देशानुसार संपूर्ण देश में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र संगठन युवा अधिकारी सुधीर सिंह एवं लेखपाल तेज खान के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड हटा के अंतर्गत ग्राम बोरी कला में विशाल रैली का आयोजन किया गया।

# मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे 10 आदिवासी परिवार

जबेरा।

एक तरफ शासन द्वारा विकास पर्व के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार जोर शोर से किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर आज भी कुछ परिवार ऐसे हैं जो मूलभूत सुविधाओं से वंचित होकर नारकीय जीवन जी रहे हैं जिनके लिए शासन की कोई भी योजनाएं काम नहीं आ रही हैं। इसी तरह का मामला जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत रोड़ का सामने आया है, जहां करीब 10 आदिवासी परिवार निवासरत हैं जो शासन की सभी योजनाओं से वंचित होकर नारकीय जीवन जी रहे हैं। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ठाकुर ने निरीक्षण के दौरान पाया कि जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत रोड़ में रोड के किनारे कुछ लोग झोपड़ियों में कपड़ा एवं फटी बरसाती बांधकर रह रहे हैं। जो सभी आदिवासी परिवार थे जिनके नाम राय सिंह आदिवासी 60 वर्ष बदन सिंह 40 वर्ष मुन्ना सिंह 35 वर्ष बालचंद आदिवासी शिवम आदिवासी देवेंद्र सिंह राघवेंद्र सिंह अनिल सिंह सुनील सिंह संजय सिंह शहर दस आदिवासी परिवार जो करीब 35 वर्षों से यहां निवासरत हैं।



जिन्होंने जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि से बताया कि इतने वर्षो से निवासरत होने के बाद भी अभी तक उन्हें पीएम आवास नहीं मिला जिसके लिए सरपंच सचिव से करीब 20 वर्षों से गुहार लगाने पर कहते हैं कि मिल जाएगा किंतु आज तक नहीं मिला जिससे हम सभी सर्दी गर्मी और बरसात इसी टूटी.फूटी झोपड़ी में काटने को विवश है और साथ ही लाडली बहन योजना से भी यहां की महिलाएं वंचित हैं। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सूजन सिंह ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री सांसद और विधायक विकास की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं विकास यात्राएं निकाली जाती हैं और विकास पर्व मनाकर लाखों रुपए एक दिन में फूंक दिए जाते हैं लेकिन गरीब आज भी रोटी कपड़ा और मकान को तरस रहे हैं। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि इन आदिवासी परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़कर इन्हें मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी जाएं।

# केंद्र सरकार ने केंद्रीय पूल में खरीदे जाने वाले चावल का घटाया कोटा, अब लेंगे 61 लाख टन

**रायपुर।** चावल खरीदी के मामले में केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को तगड़ा झटका दिया है। केंद्र सरकार ने राज्य से केंद्रीय पूल में लिए जाने वाले चावल की मात्रा में कटौती कर दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को केंद्रीय खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखा है। इसमें खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में केंद्रीय पूल में चावल खरीदी (उपार्जन) का लक्ष्य 86.5 लाख टन यथावत रखने का अनुरोध किया है। केंद्र ने इस लक्ष्य को घटाकर 61 लाख टन कर दिया है। साथ ही परिणामी चावल की पैकेजिंग के लिए 3.56 लाख गठान नए जूट बैग की आपूर्ति जूट कमिश्नर के माध्यम से कराए जाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि केंद्रीय खाद्य व सार्वजनिक वितरण विभाग की खाद्य सचिवों की बैठक 21 अगस्त 2023 को हुई। जिसकी कार्रवाई विवरण 28 अगस्त 2023 को जारी हुई। इसमें राज्य में धान के खरीदी के अनुमान 130 लाख टन के अनुसार बनने वाले परिणामी चावल की 86.5 लाख टन मात्रा को घटाते हुए 61 लाख टन कर दिया गया है। इसके अलावा जूट पैकेजिंग की छठवीं आपूर्ति योजना छह सितंबर 2023 द्वारा केंद्रीय पूल में चावल खरीदी के लिए आवश्यक नये जूट बारदानों की आपूर्ति मात्रा को कम करते हुए 3.56 लाख गठान के स्थान पर 2.45 लाख गठान किया गया है।



### दी थी 20 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी की जानकारी

मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में खाद्य सचिवों की बैठक में हुई चर्चा का उल्लेख किया है। इसके मुताबिक बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की सीमा 20 क्विंटल प्रति एकड़ किए जाने का उल्लेख किया था। जो कि विगत कई वर्षो से खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 से 15 क्विंटल प्रति एकड निर्धारित थी। केंद्रीय पूल में 86 लाख टन चावल खरीदी के लक्ष्य को यथावत रखे जाने का अनुरोध किया गया था। मुख्यमंत्री ने बताया कि विगत वर्षों में धान के रकबे में हुई बढ़ोत्तरी के साथ-साथ राज्य के किसानों द्वारा उन्नत किस्म के बीजों के उपयोग और बेहतर उर्वरक प्रबंधन के दृष्टिगत उत्पादकता में वृद्धि हुई है।

### 136.5 लाख टन धान उत्पादन का अनुमान

मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से बताया कि राज्य में बोए गये धान के रकबे 36 लाख हेक्टेयर में 136.5 लाख टन धान उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। राज्य के कुछ एक स्थानों को छोड़कर मानसून की स्थिति धान के फसल के अनुरूप है। राज्य के सिंचित रकबे में कुछ स्थानों पर पानी की कमी के चलते नहरों के माध्यम से सिंचाई का प्रबंध भी किया गया है। उपरोक्त व्यवस्था के दृष्टिगत राज्य में धान का उत्पादन अग्रिम अनुमान से अधिक होना अवश्यम्भावी है। छत्तीसगढ़ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सचिव टोपेश्वर वर्मा का कहना है कि इसके पहले केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के अनुरोध पर 86.5 लाख टन मात्रा बढ़ाने की सहमति दी थी। मगर खाद्य सचिवों की बैठक में कहा गया कि अभी पुराना ही लक्ष्य रखते हैं। इसलिए एक बार केंद्र से अनुरोध किया गया है कि मात्रा को यथावत किया जाए।

**रायपुर जिला सहकारी बैंकः FD के ब्याज से निकाले पैसे**

## दो कर्मचारी निलंबित और सेवानिवृत्त को भेजी जा रही नोटिस




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जिला सहकारी बैंक के तीन कर्मचारियों ने ही मिलकर खातेदारों के एफडी के ब्याज में सेंध लगा दी और लगभग दो करोड़ से ज्यादा की रकम निकाल ली। इसमें से 52 लाख के गबन की तो पुष्टि भी हो गई है और 38 लाख की रिकवरी की जा चुकी है। बताया जा रहा है कि इस घोटाले में शामिल दो कर्मचारियों को निलंबित भी कर दिया गया है और एक कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुका है। इस शनिवार तक विजिलेंस टीम की जांच पूरी होने की संभावना बनी हुई है और इसके बाद स्पष्ट हो जाएगा कि यह घोटाला कुल कितने का है। अभी जांच चलने के कारण ही बैंक के अन्य कार्य प्रभावित हुए है और पैसे निकासी के लिए खातेदारों को बाद में आने कहा जा रहा है। मनमानी पदस्थापना के बाद अब अटैचमेंट पर चलेगा डंडा, स्कूल शिक्षा विभाग ने DEO को कार्रवाई के दिए निर्देशCGः मनमानी पदस्थापना के बाद अब अटैचमेंट पर चलेगा डंडा, स्कूल शिक्षा विभाग ने DEO को कार्रवाई के दिए निर्देश बताया जा रहा है कि आरोपितों द्वारा थोड़ी-थोड़ी रकम निकाली जाती जाती थी, ताकि नकद कम नजर न आए और किसी को शक भी न हो। इसके चलते पांच वर्षों में धीरे-धीरे घोटाला करते रहे। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने बताया कि यह मामला वर्ष 2017 से 2021 के बीच है। कर्मचारियों ने बड़ी ही चालाकी के साथ एफडी में मिलने वाले ब्याज की राशि अपने रिश्तेदारों के नाम ट्रांसफर कर लिए थे। पैसो का आडिट होने पर जब कैश कम मिला तो विजिलेंस टीम से जांच कराई गई और शुरूआती जांच में चोरी का खुलासा सामने आया है। अभी तक की जांच में 52 लाख की गड़बड़ी सामने आई है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस में भी एफआइआर की जा रही है। बताया जा रहा है कि सेवानिवृत्त कर्मचारी को भी नोटिस भेजा जा रहा है। तीनों आरोपितों में संजय शर्मा( कनिष्ठ लेखापाल), अरुण बैसवाड़े (लेखापाल) और चंद्रशेखर डग्गर( लिपिक) एक ही शाखा में पदस्थ थे और मिलीभगत कर पैसे

## निगम क्षेत्र में होंगे 24 करोड़ की लागत से 112 विकास कार्य

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों में एक साथ 112 से अधिक निविदा जारी किए गए हैं। इसमें सीसी रोड, डामर रोड, नाला व विभिन्न समाजों के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा। इससे कई समस्याएं हल हो जाएंगी। निर्माण कार्यों में बुधवारी बाजार स्थित आदिवासी शक्तिपीठ में 50 लाख की लागत से सेल्फ सपोर्टेड डोम बनाया जाना शामिल है। यह सभी कार्य राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की पहल पर शुरू किए जा रहे। बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना एक निरंतरता वाला कार्य है। कोरबा विधानसभा क्षेत्र में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट्स, सामुदायिक भवन इत्यादि कार्यों निगम प्रशासन काम शुरू कर दिया। इन कार्यों में वार्ड क्रमांक पांच केएन कालेज के समीप 84 लाख 50 हजार की लागत से मंगल भवन का निर्माण किया जाएगा। मंगल भवन के अस्तित्व में आ जाने के बाद क्षेत्र के लोगों को अपने सामाजिक, वैवाहिक, धार्मिक कार्यों के आयोजन के लिए एक सुव्यवस्थित स्थान मिल सकेगा। वार्ड क्रमांक 13 टीपी नगर क्षेत्र में स्थित सतनाम भवन के समीप एक करोड़ रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण होगा। दोनों कार्यों के लिए निविदा जारी कर दी गई है। इसी तरह राजस्व मंत्री अग्रवाल के अनुशंसा पर महापौर मद से निगम क्षेत्र के पांच स्थानों पर सार्वजनिक ओपन जिम की स्थापना होगी। 25 लाख रुपये की लागत वाले प्रत्येक जिम स्थापना के लिए भी निविदा जारी कर इसकी प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। वार्ड क्रमांक 14 पंप हाउस ओवरहेड टैंक से नया गेरवाघाट ब्रिज




मार्ग व अहिरन नदी ब्रिज से ओवरहेड टैंक गजरा तक सड़क में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए 28 लाख के कार्यों की निविदा जारी की गई है। कुचैना मोड़ से गंगानगर मार्ग में रोशनी युक्त विद्युत खंभा के लिए 43.85 लाख रूपये खर्च की जाएगी। वार्ड क्रमांक 31 इंडस्ट्रीयल एरिया से खरमोरा बस्ती तक 39.48 लाख, आईटीआई चौक से चेक पोस्ट तक 20.48 लाख तथा रिस्दी चौक से सतनाम नगर होते हुए बालको तक 39.23 रुपए की लागत से रोशनी युक्त पोल लगाई जाएगी। क्षेत्र में विविध स्थानों में जलआपूर्ति को सुदृढ़ करने तीन करोड़ लागत के कार्यों की निविदा जारी की गई है।

### लालूराम कालोनी में पानी भराव की समस्या होगी दूर

वार्ड क्रमांक दो, टीपी नगर स्थित लालूराम कालोनी में बारिश के सीजन में पानी भराव की समस्या उत्पन्न होती है। कालोनी में सीसी रोड, नाली निर्माण के अलावा ड्रेन बनाने के लिए 65 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करते हुए निविदा जारी की गई है। वार्ड क्रमांक 14, ब्रिलियंट स्कूल से मेन नाला तक आरसीसी नाला का निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा।

### विद्यार्थियों की मरम्मत का होगा काम

वार्ड क्रमांक 36 स्थित पाड़ीमार शासकीय प्राथमिक शाला का मरम्मत कार्य 10 लाख रुपए की लागत से होगा। यहां एक अतिरिक्त कक्ष का भी निर्माण किया जाएगा। इसी तरह वार्ड क्रमांक 36 में ही स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, देहानपारा प्राथमिक शाला, सेक्टर 4 प्राथमिक शाला, शिवनगर रूमगरा प्राथमिक शाला का 11 लाख 76 हजार रुपये की लागत से मरम्मत कार्य होगा।

## पहले प्रयास में ही मैकेनिकल इंजीनियर अमन सिंह को CGPSC में मिला 9वां रैंक

**अंबिकापुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री एके सिंह-पुष्पा सिंह के सुपुत्र अमन सिंह ने पहले प्रयास में ही छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर ली है। मैकेनिकल इंजीनियर अमन सिंह को नवां रैंक प्राप्त हुआ है। डिप्टी कलेक्टर के लिए कुछ अंकों से चूके अमन सिंह का नाम इस पद की प्रतीक्षा सूची में पहले नंबर पर है। डीएसपी का विकल्प उन्होंने नहीं भरा था अन्यथा यह पद उनको मिलना तय था। पसंद की प्राथमिकता क्रम में अमन को जिला आबकारी अधिकारी के पद पर नियुक्ति मिली है। अंबिकापुर के कुंडला सिटी स्थित उनके निवास पर खुशी का माहौल है। अमन सिंह की बहन अंकिता सिंह ने वर्ष 2015 में ही सीजीपीएससी क्रैक किया था। उन्हें 15 वीं रैंक हासिल हुई थी। वर्तमान में अंकिता सिंह ,सूरजपुर जिले में लेखाधिकारी के पद पर पदस्थ है। अमन की एक बहन डा सोनम सिंह चिकित्सक है। दोनों बहनों के साथ माता-पिता ने भी अमन को लगातार आगे बढ़ने प्रेरित किया। सीजीपीएससी में दीदी की सफलता ने अमन को भी आगे बढ़ने प्रेरित किया था। अमन सिंह की प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर बगीचा(जशपुर )में हुई।डीपीएस बिलासपुर, रिसाली(भिलाई) में पढ़ाई के बाद अमन सिंह ने देहरादून इंस्टिट्यूट आफ टेक्नालाजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग पढ़ाई पूरी की है।सबसे बड़ी बात है कि दो बड़ी कंपनियों में अमन को प्लेसमेंट मिल गया था लेकिन लोक सेवा के क्षेत्र में जाने की जिद के कारण उन्होंने दोनों नौकरी छोड़



मैकेनिकल इंजीनियर अमन सिंह को सीजीपीएससी में मिला नवां रैंक,

दी थी। उसके इस निर्णय पर घरवालों का भी साथ मिला। पिछले दो वर्ष से अमन पीएससी की तैयारी कर रहे थे। नईदुनिया से चर्चा करते हुए अमन ने बताया कि देहरादून इंस्टिट्यूट आफ टेक्नालाजी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान उन्होंने सहपाठियों के साथ मिलकर फार्मूला टाइप वाहन बनाई थी। उस दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपने वाहन को भी प्रदर्शित किया था। इंटरनेशनल इवेंट में उनके द्वारा तैयार फार्मूला टाइप वाहन को बेहतर प्रतिसाद मिला था। इसके लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र भी मिला था। अमन बताते हैं कि वर्तमान समय में लोक सेवा की प्रतियोगी परीक्षाओं में बेसिक पढ़ाई मजबूत होना जरूरी है।इससे आप प्री और मेंस में पूछे जाने वाले सवालों का जवाब लिख सकते हैं। अमन का कहना है कि उनका अंतिम लक्ष्य यूपीएससी है। इसके लिए वे तैयारी कर रहे है। इन प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए कठिन परिश्रम, पढ़ाई के प्रति समर्पण के साथ खुद पर भरोसा ज्यादा जरूरी है।

# अमीषा

## संजय दत्त करना चाहते हैं मेरा कन्यादान



**एजेंसी/मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल इस समय अपनी फिल्म 'गदर 2' की सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अमीषा पटेल ने खुलासा किया कि बी-टाउन के पॉपुलर एक्टर संजय दत्त उनकी शादी करवाना चाहते हैं। इसके साथ ही वो उनका कन्यादान भी करना चाहते हैं। अमीषा पटेल ने कहा, 'संजू मेरे परिवार की तरह हैं। वो यह भी कहते हैं कि अमीषा तुम इस इंडस्ट्री के लिए बहुत अच्छी हो, मैं तुम्हें इस इंडस्ट्री से बाहर निकाल रहा हूं। तुम बहुत सीधी-साधी हो, तुम बहुत भोली हो, तू चल मैं शादी करवाऊंगा। 20 साल से, वो मेरे लिए सही साथी ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। संजू हमेशा कहते हैं कि जब तेरी शादी होगी ना तो कन्यादान में करूंगा और जब तुम्हारी शादी होगी तो मुझे बहुत खुशी होगी। तुम्हारे बच्चे मेरे बच्चों के साथ खेलेंगे। अमीषा पटेल ने अनिल शर्मा की फिल्म 'गदर 2' से फिल्मों में वापसी की है। इस फिल्म में वो सनी देओल के साथ सकीना के रोल में नजर आ रही हैं। 'गदर 2' ने 11 अगस्त यानी रिलीज के दिन सिनेमाघरों में 40 करोड़ रुपए की कमाई की थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार मजबूती से आगे बढ़ती रही है। हालांकि इस फिल्म ने रिलीज के 24 दिन में 500 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है। हाल ही में फिल्म की सफलता के लिए कलाकारों और क्रू ने एक भव्य पार्टी रखी, जिसमें तीनों खान- शाहरुख, सलमान और आमिर सहित कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुई थीं।

# पूरे परिवार के साथ देखने लायक हैं कोरियन फिल्में



**नई दिल्ली।** आजकल ज्यादातर लोग कोरियन फिल्में ही देखना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आप यह चाहते हैं कि कोरियन फिल्में आपका परिवार भी देखें तो कुछ बेस्ट कोरियन फिल्में हैं जिन्हें आप अपने पूरे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह कोरियन फिल्में पूरे तरीके से पारिवारिक हैं। ट्रेन टू बुसान को आप चाहे तो हिंदी में भी देख सकते हैं। इसे आप एमएक्स प्लेयर पर फ्री में देखें। इस फिल्म को दुनियाभर में सराहा गया है। इस कोरियन फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे यात्री जोंबी के अटैक के कारण एक तेज रफ्तार वाली ट्रेन में फंस जाते हैं। भाषा पर बनी यह कोरियन फिल्म आप अपने परिवार के साथ विकेंड पर देख सकते हैं। यह एक बुजुर्ग महिला और एक सिविल सर्विस ऑफिसर की लाइफ के ईद- गिद घूमती नजर आती हैं। इस कोरियन फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। यह एक कोरियाई ड्रामा है जो कि कॉलेज लाइफ की कहानी दिखाता है। कैसे एक लड़का अपनी कॉलेज की एक लड़की के पागलपन में फंस जाता है। एग्जिट यह साउथ कोरिया की एक्शन से भरपूर फिल्म है। यह आपको बिलकुल भी निराश नहीं करेगी। इस फिल्म में दिखाया गया है कि एक व्यक्ति के जन्मदिन पर एक खतरनाक गैस रिलीज हो जाती हैं। इस दौरान वह समझदारी से सभी की जान बचाते हुए नजर आता हैं।

## सुपर नेचुरल थ्रिलर में करेंगे काम



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन आर माधवन और ज्योतिका के साथ सुपर नेचुरल थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आएंगे। अजय देवगन की आने वाली फिल्म की घोषणा हो गई है। यह एक सुपर नेचुरल थ्रिलर होने वाली है, जिसका टाइटल अभी रिवील नहीं किया गया है। विकास बहल के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अजय देवगन के साथ आर माधवन और ज्योतिका नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल 8 जनवरी को रिलीज होगी। गुजराती सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री जानकी बोदीवाला बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म का निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक कर रहे हैं। अजय देवगन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर इस फिल्म के बारे में पोस्ट शेयर कर जानकारी दी है। इस पोस्ट में अजय देवगन ने बताया है, कुछ चीजें एक अलौकिक मोड़ लेने वाली हैं। विकास बहल के निर्देशन में बनने वाली एक दिलचस्प थ्रिलर में मैं, आर माधवन और ज्योतिका की तिकड़ी का गवाह बनूंगा। 08 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में यह फिल्म आपको सिनेमाघरों में देखने को मिल जाएगी।

## केबीसी- 15 : पहले करोड़पति बने जसकरण, 7 करोड़ के सवाल पर अटके

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के मोस्ट पॉपुलर गेम शो कौन बनेगा करोड़पति 15 को घर-घर में पसंद किया जा रहा है। शो को अपना पहला करोड़पति कंटेस्टेंट मिल गया है, जिसका नाम है जसकरण सिंह जो पंजाब से हैं। जसकरण ने गेम शो में 1 करोड़ रुपए जीते लेकिन 7 करोड़ रुपए के आखिरी सवाल का जवाब देने में असफल रहे। 1 करोड़ जीतने के बाद, जसकर ने 7 करोड़ के लिए आखिरी सवाल का जवाब देने की कोशिश की। जसकरण सिंह 1 करोड़ रुपए के साथ-साथ एक एयर कंडीशनर भी अपने साथ घर ले गए। गेम में 7 करोड़ की राशि के लिए सवाल था कि पद्म पुराण के अनुसार, किस राजा को हिरण के श्राप के कारण सौ साल तक बाघ के रूप में रहना पड़ा था?। ऑप्शन्स थे ए. क्षेमधुरित, बी. धर्मदत्त, सी. मीताध्वज, डी.





प्रभंजना। जसकरण कुछ देर सोचते हैं और फिर उन्होंने गेम छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, गेम छोड़ने से पहले वे ऑप्शन सी के साथ जाते हैं लेकिन सही जवाब ऑप्शन डी होता है।



## प्राची का नया गाना लफ्ज भीगे हैं रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई ने फरहान अख्तर की फिल्म रॉक ऑन से फिल्मी करियर शुरू किया और वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई, जिला गाजियाबाद, एक विलेन, बोल बच्चन जैसी फिल्मों में नजर आईं हैं। अब प्राची का नया गाना लफ्ज़ भीगे हैं रिलीज़ हो गया है। कवि अजय साहब द्वारा लिखित गाना लफ्ज़.भीगे हैं को प्रतिभा सिंह बघेल ने अपनी आवाज़ दी है। इस रचना का मूल उस एकतरफा प्यार की कहानी से लिया गया है, जो साहित्यिक दिग्गज अमृता प्रीतम और शायर साहिर लुधियानवी के जीवन से जुड़ा हुआ था। पाराशेर बरुआ निर्देशित इस म्यूजिक वीडियो में प्राची देसाई और सोम चट्टोपाध्याय नजऱ आ रहे हैं। गाने के संगीतकार राजेश सिंह हैं, जबकि निर्माता पारस नाथ हैं।




## 'मिशन रानीगंज' का मोशन पोस्टर लांच

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी 2 हाल ही में रिलीज हुई है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। फिल्म में अक्षय भगवान के दूत के किरदार में नजर आए थे। वहीं, अब वह अपनी आगामी फिल्म द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के नाम को लेकर कुछ दिनों से बहस छिड़ी हुई थी। ऐसे में अब मूवी का नाम द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू से बदल कर मिशन रानीगंज कर दिया गया है। इसी बीच अब फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जो बेहद दमदार है। पूजा एंटरटेनमेंट दर्शकों के लिए एक रेस्क्यू थ्रिलर मिशन रानीगंज लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह फिल्म रानीगंज कोलफील्ड की एक असल जीवन की घटना से प्रेरित है। साथ ही इसमें जसवंत सिंह गिल के साहस को भी दिखाया गया है।

## वेल इंटरनेशनल एस्सार को आपूर्ति करेगी लौह अयस्क...



**नई दिल्ली।** वैश्विक खनन कंपनी वेल इंटरनेशनल एस्सार समूह की सऊदी अरब में स्थित हरित इस्पात परियोजना को लौह अयस्क की आपूर्ति करेगी। बहुराष्ट्रीय कंपनी एस्सार ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि इस संबंध में वेल इंटरनेशनल के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इसके साथ ही एस्सार ने अपने सऊदी इस्पात संयंत्र के लिए कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। एस्सार की 4.5 अरब डॉलर के निवेश से सऊदी अरब के रास अल खैर में यह एकीकृत इस्पात संयंत्र लगाने की योजना है। इसके पहले एस्सार ने इस परियोजना को डीआर-ग्रेड के छर्रों की आपूर्ति के लिए बहरीन स्टील के साथ भी समझौता किया था। वेल एकीकृत इस्पात उत्पादकों को उच्च गुणवत्ता वाले कच्चे माल की आपूर्ति के लिए दुनियाभर में मशहूर है।

# अगस्त में चीन के निर्यात और आयात में गिरावट

एजेंसी ⏭ हांगकांग

चीन के निर्यात और आयात दोनों में अगस्त में सालाना आधार पर गिरावट आई है। यह कमजोर वैश्विक मांग को दर्शाता है जिससे पहले से ही धीमी पड़ी उसकी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। बृहस्पतिवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में निर्यात सालाना आधार पर 8.8 प्रतिशत घटकर 284.87 अरब डॉलर रहा। आयात एक साल पहले की तुलना में 7.3 प्रतिशत घटकर 216.51 अरब डॉलर रहा। चीन का व्यापार अधिशेष 68.36 अरब डॉलर रहा, जो जुलाई में यह 80.6 अरब डॉलर था। चीन के नेताओं ने हाल के महीनों में अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए कई नीतिगत उपाय किए, क्योंकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद अर्थव्यवस्था उम्मीद से काफी पहले ही कमजोर पड़ गई है। अधिकारियों ने अभी तक बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन खर्च या व्यापक कर कटौती से परहेज किया है। कैपिटल इकोनॉमिक्स के जूलियन इवांस-प्रिचर्ड ने एक रिपोर्ट में कहा, 'भविष्य की बात करते तो लगता है कि साल के अंत तक निर्यात के बेहतर होने से पहले.. इसमें गिरावट आएगी।' चीन के व्यापार में पिछले दो वर्षों से धीरे-धीरे गिरावट आई है, हालांकि अगस्त में निर्यात तथा आयात में गिरावट जुलाई की तुलना में कम थी।



# 2019 के चुनावों से पहले आरबीआई से तीन लाख करोड़ निकालना चाहती थी सरकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य ने कहा है कि वर्ष 2018 में सरकार में बैठे कुछ लोगों ने चुनाव से पहले 'लोकलुभावन' खर्चों के लिए केंद्रीय बैंक से दो-तीन लाख करोड़ रुपये हासिल करने के लिए उसपर 'धावा' बोलने की कोशिश की थी जिसका पुरजोर विरोध हुआ था। आचार्य ने अपनी किताब में लिखा है कि 2019 के आम चुनावों से पहले सरकार अपने लोकलुभावन खर्चों की भरपाई के लिए आरबीआई से यह बड़ी रकम निकालने की कोशिश में थी। लेकिन आरबीआई इसके पक्ष में नहीं था जिसकी वजह से सरकार के साथ उसके मतभेद बढ़ गए थे। उस समय सरकार ने आरबीआई को निर्देश देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम की धारा सात का इस्तेमाल करने की भी चेतावनी दी थी।

## राजकोषीय घाटे का पिछले दरवाजे से मौद्रीकरण

आरबीआई के तत्कालीन डिप्टी गवर्नर आचार्य ने यह मामला सबसे पहले 26 अक्टूबर, 2018 को एक व्याख्यान में उठाया था। अब यह प्रकरण उनकी किताब 'क्वेस्ट फॉर रिस्टोरिंग फाइनेंशियल स्टेबिलिटी इन इंडिया' की नई प्रस्तावना में भी प्रमुखता से उजागर हुआ है। इसमें सरकार की कोशिश को 'केंद्र द्वारा राजकोषीय घाटे का पिछले दरवाजे से मौद्रीकरण' बताया गया है।



## आरबीआई से अधिक लाभाश निकालने की कोशिश

आचार्य ने कहा कि 2016 की नोटबंदी से पहले के तीन वर्षों में केंद्रीय बैंक ने सरकार को रिकॉर्ड लाभ अंतरण किया था। लेकिन नोटबंदी के साल में नोटों की छपाई पर खर्च बढ़ने से केंद्र को अधिशेष हस्तांतरण कम हो गया था। ऐसी स्थिति में सरकार ने 2019 के चुनावों से पहले अपनी मांगों को बढ़ा दिया था। आचार्य ने कहा कि आरबीआई से अधिक लाभांश निकालने की कोशिश एक तरह से राजकोषीय घाटे का 'पिछले दरवाजे से मौद्रीकरण' था।

## जून 2019 में आचार्य ने छोड़ा पद


आचार्य ने मौद्रिक नीति, वित्तीय बाजार, वित्तीय स्थिरता और अनुसंधान के प्रभारी डिप्टी गवर्नर के रूप में तीन साल का कार्यकाल पूरा होने से छह महीने पहले ही जून, 2019 में पद छोड़ दिया था। उन्होंने आरबीआई को सरकार की तरफ से निर्देश देने के लिए पहले कभी भी उपयोग में नहीं लाई गई आरबीआई अधिनियम की धारा सात को उल्लेखित किए जाने के विवाद का भी जिक्र किया है।

**सरकार की मंशा पर कसा तंज :** असल में अपने विनिवेश लक्ष्य से चूकने के बाद सरकार का राजकोषीय घाटा बढ़ गया था। उन्होंने सरकार की मंशा पर तंज कसते हुए कहा, 'जब केंद्रीय बैंक के बही-खाते पर धावा बोला जा सकता है और बढ़ते राजकोषीय घाटे को मौद्रीकृत किया।

## आरबीआई लाभांश का एक हिस्सा अपने पास रखता है

आचार्य ने वर्ष 2020 में पहली बार प्रकाशित अपनी किताब के नए संस्करण की प्रस्तावना में कहा, 'नौकरशाही और सरकार में बैठे रचनात्मक मस्तिष्क' वाले कुछ लोगों ने पिछली सरकारों के कार्यकाल में आरबीआई के पास जमा हुई बड़ी रकम को वर्तमान सरकार के खाते में स्थानांतरित करने की एक योजना तैयार की थी। दरअसल, आरबीआई हर साल अपना लाभ सरकार को पूरी तरह देने के बजाय उसका एक हिस्सा अलग रख देता है। यही हिस्सा कई वर्षों में एक बड़ी राशि में तब्दील हो चुका था।

# सेंसेक्स 385 अंक की छलांग लगाकर 66,000 अंक के पार



एजेंसी ⏭ मुंबई

एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और एसबीआई के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में बढ़त का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स 66,000 अंक के स्तर को पार कर गया। कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से भी स्थानीय बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 385.04 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 66,265.56 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के बीच सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में हुए नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,672.34 अंक के निचले और 66,296.90 अंक के ऊपरी स्तर तक भी गया। निफ्टी भी 116 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,727.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो में 4.26 प्रतिशत की सर्वाधिक बढ़त रही। इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और विप्रो के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर टूट गए। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'बाजार ने साप्ताहिक अनुबंध सौदों के अंतिम दिन भी तेजी जारी रखी और आधा प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहा। खासकर दिन के दूसरे हिस्से में चुनिंदा शेयरों में खरीदारी आने से तेजड़िये हावी रहे।'

## बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 319 लाख करोड़ के पार

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) तेजी के दौर में गुरुवार को अपने अबतक के उच्चतम स्तर 319.10 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण भी 9.50 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसके साथ ही इन कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर 3,19,10,019.04 करोड़ रुपये हो गया।

# सोने में 150 रुपए की गिरावट चांदी 700 रुपए लुढ़की



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 150 रुपये की गिरावट के साथ 60,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोना 60,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये लुढ़ककर 74,100 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,917 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी की कीमत घटकर 23.05 डॉलर प्रति औंस रह गयी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'उम्मीद से अधिक मजबूत अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के कारण सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी है, जिससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि फेडरल रिजर्व इस साल फिर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकता है।'

## जुपिटर लाइफलाइन को दूसरे दिन 3 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** जुपिटर लाइफलाइन के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को निर्गम के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को 3.30 गुना अभिदान मिला है। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कंपनी के 84,97,169 शेयरों के आईपीओ के लिए 2,80,31,300 शेयरों के लिए बोलियां मिली हैं। गैर संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 6.63 गुना, खुदरा व्यक्तिगत निवेशक (आरआईआई) खंड को 3.08 गुना और पात्र संस्थागत खरीदारों के लिए आरक्षित हिस्से को 1.12 गुना अभिदान मिला है। आईपीओ के तहत 542 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा इसमें 44.50 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 695-735 प्रति शेयर है।





# भारत ने अमेरिका के आधा दर्जन उत्पादों से 'जवाबी' शुल्क हटाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने अमेरिका के लगभग आधा दर्जन उत्पादों पर 2019 में लगाया गया अतिरिक्त शुल्क हटा दिया है। अमेरिका द्वारा भारत के कुछ इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने के फैसले के जवाब में यह कदम उठाया गया था। भारत ने 2019 में अमेरिका के इस कदम के जवाब में उसके 28 उत्पादों पर यह शुल्क लगाया था। वित्त मंत्रालय की पांच सितंबर की अधिसूचना में इन उत्पादों से शुल्क हटाने की जानकारी दी गई है। इन उत्पादों में चना, दाल (मसूर), सेब, छिलके वाला अखरोट और ताजे या सूखे बादाम के साथ ही छिलके वाले बादाम शामिल हैं।

भारत ने यह कदम अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने से पहले उठाया है। प्रधानमंत्री की जून में आधिकारिक अमेरिका यात्रा पर दोनों देशों ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में छह विवादों को खत्म करने और अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिक्रिया स्वरूप लगाए गए शुल्क को हटाने का फैसला लिया था। समझौते के तौर पर, भारत चने पर 10 प्रतिशत, मसूर की दाल पर 20 प्रतिशत, ताजे और सूखे बादाम पर सात रुपये प्रति किलोग्राम, छिलके वाले बादाम पर 20 रुपये प्रति किलोग्राम, अखरोट पर 20 प्रतिशत और ताजा सेब पर 20 प्रतिशत शुल्क हटाएगा। सरकार ने सूखे, ताजे, छिलके वाले बादाम, अखरोट, चना, मसूर, सेब, बोरिक एसिड और 'मेडिकल डायग्नोस्टिक रीजेंट्स' पर लगाए गए जवाबी शुल्क को हटाने का फैसला किया है।



### *भारत को कोई नुकसान नहीं होगा*

*पटेल ने कहा था कि अमेरिका के खिलाफ लगाए गए जवाबी शुल्क को खत्म करने या आयात शुल्क में कटौती से भारत को कोई नुकसान नहीं होगा। अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।*

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)